आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी ने दो हजार चौदह के बाद बदली हुई काशी को देखा है। जैसे काशी बदली है वैसे ही देश और उत्तर प्रदेश में भी बदलाव आया है। भारत के पास आज विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महज दस वर्ष में देश पाचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन चुका है।

मुख्यमंत्री आज वाराणसी के रूद्राक्ष कन्वेशन सेंटर में विश्वकर्मा जयंती व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान मौजूद जन समूह को संबोधित कर रहे थें। इस अवसर पर उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को ई–बाउचर, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और लोन का चेक प्रदान किया। उन्होंने वाराणसी के एक सौ चार परिषदीय विद्यालयों में आईआईटी चेन्नइ के सहयोग से विद्या शक्ति योजना का शुभारंभ और ग्यारह सौ तिरालिस परिषदीय विद्यालयों ने स्मार्ट क्लास का लोकार्पण भी किया।

****

गांधी जयंती के अवसर पर आज प्रदेश भर में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के बालागंज चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में सभी को सफाई की उपयोगिता बताई। वहीं गोरखपुर में प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने रामगढ़ ताल क्षेत्र स्थित नौकायन से प्लाक रन की शुरूआत की। इसी तरह प्रयागराज, कानपुर, मथुरा, अयोध्या, बस्ती, देवरिया, कुशीनगर समेत सभी जिलों में अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस वर्ष अभियान का विषय– स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता, रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जायेगी। प्रदेश सरकार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दो अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड से सम्मानित करेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर भारतीय जनता पार्टी, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं समेत कई लोगों ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर और वाराणसी के कोतवाल बाबा काल भैरव की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने चौहत्तर किलो के लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया। श्री योगी ने शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के साथ ही मरीजों को फल भी वितरित किये। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उन्हें सच्चे अर्थो में भारत के अमृतकाल का सारथी बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए प्रधानमंत्री सदैव तत्पर रहते हैं। नेशन फर्स्ट की पावन भावना से ओतप्रोत, अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत–आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य की सिद्धि के लिए समर्पित उनका जीवन हर क्षण हमारे लिए प्रेरणा है। उधर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उदघाटन किया।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले बहत्तर घंटों तक पूर्वांचल के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश और व्रजपात होने की भी आशंका है। उधर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के बीस से अधिक जिले बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। सभी जगहों पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। वाराणसी और प्रयागराज शहर के कुछ मोहल्लो तक नदी का पानी पहुंच गया है। बस्ती, संतकबीर नगर और गोरखपुर के तीस से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इसी तरह लखीमपुर खीरी, फर्रूखाबाद, गोंडा, जालौन, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, रामपुर, बदायूं, बलिया, आगरा, गौतमबुद्धनगर, बांदा, हमीरपुर, पीलीभीत, अयोध्या, मिर्जापुर, फर्रूखाबाद और देवरिया में बाढ़ से बड़ी आबादी प्रभावित हैं। साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है।

****

फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद स्थित नौशहरा क्षेत्र के एक मकान में कल देर रात पटाखों में आग लगने से हुए विस्फोट में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दस से अधिक लोग घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची, पुलिस और प्रशासन की टीम ने घयलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों का समुचित उपचार कराने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिये है।

****